कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला कोण्डागॉव

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01.01.2018 की स्थिति में

फोटोयुक्त मतदाता सूची मुद्रण निर्माण कार्य बाबत्

//संक्षिप्त निविदा सूचना//

निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तारीख	11.10.2017 अपरान्ह 01.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय	11.10.2017 03.00 बजे अपरान्ह तक
निविदा खोलने की तारीख एवं समय	11.10.2017 04.00 बजे अपरान्ह तक
निविदा प्रपत्र कमांक	
मूल्य	500/–
कुल पृष्ठ संख्या	06 (छः)
जारी दिनॉक	20/09/2017
जारीकर्ता	कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोण्डागॉव (छ0ग0)

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला कोण्डागॉव
निविदा प्रपत्र
भाग–1

मतदाता सूची का मुद्रण कार्य बाबत् ।

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग0 रायपुर के निर्देश एवं मापदण्ड अनुसार 02 विधान सभा क्षेत्र एवं 84–नारायणपुर (आंशिक) कुल 539 मतदान केन्द्रों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 01.01.2018 कार्यक्रम के तहत् फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना है। इच्छुक एवं योग्य निविदाकारों से निम्न शर्तों के अधीन निविदा प्रस्ताव आमंत्रित की जाती है :–

निविदा की शर्तें :–

01. यह दस्तावेज अहस्तातरणीय है।

02. निविदा प्रपत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कोण्डागॉव से दिनॉक 11.10.2017 दोपहर 1:00 बजे तक रूपये 500/–जमा कर प्राप्त किया जा सकेगा।

03. पूर्णतया भरा हुआ निविदा प्रस्ताव दिनॉक 11.10.2017 को दोपहर 3.00 बजे तक पंजीकृत डाक व्दारा या व्यक्तिगत रूप से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निविदा बाक्स में प्रस्तुत किया जा सकेगा। निविदा प्रस्ताव स्पष्ट रूप से पूर्णतया भरा हुआ मुहर बंद लिफाफे में जमा किया जावे। समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदा प्रस्ताव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

04. निविदाकार अथवा उनकी ओर से अधिकृत प्रतिनिधि के निविदा प्रस्ताव के प्रत्येक पृष्ठ पर अनिवार्यतः हस्ताक्षर होना चाहिए ।

05. निविदा प्रस्ताव में लिखी गई प्रत्येक प्रविष्टि स्पष्ट एवं पठनीय होनी चाहिए। निविदा प्रस्ताव में किसी प्रकार का कांट–छांट होने पर निविदाकार अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा हस्ताक्षर किया जाना चाहिए।

06. निविदा प्रस्ताव के साथ अमानत राशि 20,000.00 (बीस हजार रूपये मात्र) का रेखांकित बैंक ड्राफ्ट कोण्डागॉव में भुगतान योग्य कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कोण्डागॉव जिला कोण्डागॉव के नाम से संलग्न होना चाहिए। अमानत राशि के अभाव में निविदा प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया जावेगा।

07. निविदाकार को मतदाता सूची के मुद्रण कार्य करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

08. देयकों का भुगतान ई–पेमेन्ट के माध्यम से किया जावेगा, फलस्वरूप देयक के साथ पेन, GST टीन नंबर एवं बैंक खाता कमांक संलग्न करने होंगे।

09. मतदाता सूची लेजर प्रिंटर से प्रिंट करने होंगे।

10. निविदाकार को निविदा प्रस्तुत करते समय फर्म की वैधानिकता, क्षमता एवं तकनीकी अनुभव उपलब्ध कम्प्यूटर सिस्टम, प्रिंटर्स तथा कार्य क्षमता आदि के बारे में विस्तृत विवरण पृथक से निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

11. निविदाकार को भुगतान के समय आयकर एवं वाणिज्यकर की नियमानुसार कटौती की जावेगी, जो पृथक से देय न होकर अनुमोदित दर में सम्मिलित होगा। सफल निविदाकार द्वारा कार्य उपरान्त प्रस्तुत देयक को देय राशि एवं GST कर की राशि पृथक–पृथक दर्शित करना होगा।

12. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कोण्डागॉव जिला कोण्डागॉव द्वारा कार्य पूर्ण करने हेतु समय सीमा निर्धारित की जावेगी। निविदाकार को नियत समय में कार्य पूर्ण कर कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा। चयनित वेण्डर द्वारा समय पर कार्य पूरा नहीं करने पर प्रति विधानसभा क्षेत्रों के लिए प्रतिदिन विलम्ब के लिए राशि 1000.00 (एक हजार रूपए) के हिसाब से शासन क्षतिपूर्ति के रूप में वेण्डर द्वारा प्रस्तुत देयक से कटौती की जावेगी कार्य पूर्ण करने में असमर्थ होने पर वेण्डर द्वारा जमा की गयी प्रतिभूति राशि को भी राजसात करने की कार्यवाही की जावेगी।

13. पेन नम्बर, टिन नम्बर एवं GST नम्बर की प्रमाणित प्रति निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

14. निविदा प्रपत्र में आयकर रिटर्न प्रस्तुत करना होगा।

15. इस निविदा प्रपत्र में तीन भाग हैं। भाग I, II, III भाग I, में निविदा का पूर्ण विवरण है, निविदाकार इस भाग का भलीभॉति अध्ययन कर प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेंगें। भाग II, जिसमें निविदाकार का क्षमता के साथ पूर्ण जानकारी का उल्लेख किया जावे तथा निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करेंगें। भाग III में निविदाकार द्वारा अंकों एवं शब्दों में मुद्रण कार्य का दर प्रस्तुत किये जायेंगें।

16. निविदाकार द्वारा अपना निविदा प्रस्ताव अपना मूल फार्म में प्रस्तुत किया जावे। निविदा प्रस्ताव A, B, C एवं D नामक चार मुहर बंद लिफाफे में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। भाग I पूर्णतः हस्ताक्षरित अमानत राशि का बैंक ड्रॉफ्ट के साथ A लिफाफे में, भाग II पूर्णतः हस्तक्षरित B में, भाग III जिसमें निविदा दर अंकित कर C लिफाफे में मुहर बंद किया जाना है। A, B, C तीनों लिफाफे को D लिफाफे में मुहर बंद किया जाकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा जमा किया जाना है।

17. निर्धारित तारीख एवं समय में सभी मुहर बंद लिफाफा को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कोण्डागॉव जिला कोण्डागॉव द्वारा नियुक्त कमेटी द्वारा संबंधित निविदाकारों की उपस्थिति में खोला जावेगा। कमेटी समस्त निविदाकारों द्वारा प्रस्तुत निविदा दर की तुलना करने के उपरांत न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाले योग्यतम निविदाकार का चयन करेगी। कमेटी अनुशंसा उपरांत कलेक्टर का निर्णय ही अंतिम माना जावेगा।

18. कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कोण्डागॉव, जिला कोण्डागॉव आवश्यकता पड़ने पर दर कम करने के लिए पात्र निविदाकारों को नेगोशियेशन हेतु आमंत्रित कर सकेगा। सफल निविदाकार को निविदा स्वीकृति के पांच दिवस के भीतर निर्धारित अनुबंध निष्पादित करना होगा।

19. जमा सुरक्षा राशि पर कोई ब्याज कार्यालय द्वारा देय नहीं होगा।

20. संबंधित निविदाकार द्वारा निविदा शर्त अथवा उनके द्वारा निष्पादित अनुबंध के किसी शर्त के उल्लंघन के लिये उनके द्वारा जमा सुरक्षा राशि पूर्णतयः अंशतः राजसात किया जायेगा तथा उनका अनुबंध निरस्त किया जावेगा।

कार्य का स्वरूप :–

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुसार मतदाता सूची का मुद्रण कार्य किया जाना :–

1. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदण्ड एवं साईजों में मतदाता सूची का मुद्रण किया जाना है।
2. मूल मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छ0ग रायपुर के निर्देशानुसार आवश्यक प्रक्रिया तैयार कर इस कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। इसके अतिरिक्त और प्रति तैयार नहीं की जावेगी और न ही किसी अन्य व्यक्ति को प्रदाय की जावेगी।
3. सभी 539 मतदान केंन्द्रों के पी.डी.एफ. निविदाकार को प्रदान किया जावेगा।
4. फोटोरोल की सॉफ्ट कॉपी भी किसी को नहीं दिया जाना है।
5. मुद्रण उपरांत प्रत्येक विधानसभा के मतदान केंन्द्रवार मतदाता सूची तैयार कर व्यवस्थित रूप से पिनअप कर निविदाकार द्वारा अलग–अलग सेटों में कार्यालय का प्रदाय किया जाना होगा।
6. कार्य समाप्ति पश्चात् आपको प्रदाय किया गया डाटा एवं कम्प्यूटर से डाटा डीलिट कर प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. नियत अवधि तक कार्य पूर्ण कर मतदाता सूची उपलब्ध न कराने अथवा कार्य बीच में छोड़ने पर नियमानुसार आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
8. मतदाता सूची निर्वाचन कार्यालय कोण्डागांव में पंहुचाकर देना होगा। इसके लिए अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।
9. आदेश प्राप्ति के सात दिवस के भीतर मुद्रण कार्य पूर्ण किया जाना होगा।
10. मुद्रण का कार्य सॉफ्टवेयर के अनुरूप ए–4 साइज 80 GSM पेपर में किया जाना होगा।
11. मतदाता सूची मुद्रण में कांट–छांट, त्रुटिपूर्ण या अस्पष्ट होने पर पुनः समयावधि में मुद्रण कर देना होगा। जिसका भुगतान पृथक से देय नहीं होगा।
12. पावती एवं पी.डी.एफ. पेज के आधार पर ही देयकों का भुगतान किया जावेगा।
13. निविदा प्रपत्र के आवेदन के साथ निविदाकार को निम्नलिखित प्रपत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः–
    अ– आयकर प्रमाण पत्र PAN No की सत्यापित छायाप्रति।
    ब– विकय कर का अधिकृत कमांक एंव प्रमाण पत्र।
    स– GST का अधिकृत क्रगांक एवं प्रमाण–पत्र।

विवाद की स्थिति में :–

1. किसी भी विवाद की स्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कोण्डागॉव, जिला कोण्डागॉव का निर्णय अंतिम होगा। जो कि निविदाकार के लिये मान्य एवं बंधनकारी होगा।

2. चूंकि यह निविदा कोण्डागॉव में होगा अतः किसी भी न्यायालीन विवाद हेतु कार्यक्षेत्र कोण्डागॉव के भीतर होगा।

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला कोण्डागॉव (छ0ग0)

Part-II

1) Details of Tenderer

a) Name of Tenderer (capital letters only) .....
.....

b) Consistency of the Tenderer (Whether company, partnership, firm or proprietary concern) .....
.....

c) TIN NO .....

d) PAN NO .....

c) GST NO .....

2) Address (capital letters only) .....
.....
.....
.....

3) Telephone/Fax No.....

4) Details of Experience having for similar type of work.....
.....

5) Demand draft Details (of earnest money deposit)

a) Amount in (figures) .....

b) Amount in (words)

c) Drawn at (including Name and Branch of the bank).....
.....

d) Draft No.....

e) Draft date.....

6) Details of work Equipments

a) Computer System (no.).....

b) Printers (no.).....

c) Operators (no.).....

7) Capacity of feeding work..... day

I/we agree to accept the 'printing of voter list' Work as per the rates given in part III and in accordance with the JOB SPECIFICATION and TERMS@ CONDITION as laid out in the tender document.

Place: .....
Date: .....

singnature
(Name Designation and
Officer Seal of the
authorized Person)

Part-III

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की तैयारी हेतु निविदा पत्रक

सरल क्रमांक	विवरण	दर (रूपये में)
1	2	3
01.	फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण (प्रति पन्ना) (सभी कर सहित)	अंको में – शब्दों में –
टीप :– एक पृष्ठ का दर प्रति पन्ने के दर का आधा देय होगा।		

निविदाकार के हस्ताक्षर

नाम : .....

फर्म का नाम/पूर्ण पता .....

.....

.....

मोबाईल नम्बर .....